भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-864
उत्तर दिनांक 04/02/2026 को दिया गया

राजस्थान में परमाणु ऊर्जा खनिजों का खनन और उपयोग

864. श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार राजस्थान में परमाणु ऊर्जा से संबंधित खनिजों के खनन और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) व (ख) हां। परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधीन संघटक इकाई, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडीईआर) ने राजस्थान के सीकर जिले में यूरेनियम निक्षेप की खोज की है। डीएई ने राजस्थान के सीकर जिले में रोहिल यूरेनियम निक्षेप के लिए खनन पट्टा प्रदान करने के लिए यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) को परमाणु खनिज रियायत नियम, 2016 के प्रावधानों के तहत संभावित पट्टेदार के रूप में नामित किया है। खनन प्रचालन शुरू करने के लिए सभी वैधानिक मंजूरियां प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

*****